जिसमें यह मांग की गई थी कि हिन्दू धर्म के अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लोगों को भी जिन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया है, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लोगों की भांति आरक्षण की सुविधाएं दी जायें ;

(ख) क्या सरकार को इस संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

श्रम एवं कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : : (क) प्रेस रिपोर्टों के अनुसार 17 अगस्त, 1990 को दिल्ली के वोट कलब, पर एक रैली आयोजित की गई थी ।

(ख) ईसाई धर्म अपना लेने वाले अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों को, अनुसूचित जातियों को उपलब्ध लाभ देने हेतु अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ।

(ग) सरकार इस मामले पर बिचार कर रही है ।

Facilities to Industries in Anand Parbat Area of Delhi

2734. SHRI DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to refer to reply to Unstarred Question 251 given in the Rajya Sabha on the 4th May, 1990 and state:

(a) the reasons for which the concerned Deputy Director (Industrial) of DDA informed vide letter No. F 2B (701)76/LSB(I) T.P. dated the 26th October, 1987 to M/s New Guru Nanak Industries of Anand Prabat, Delhi that in the second Master Plan, the Area of Anand Parbat is marked as conforming area and on what basis the Municipal/Delhi Administration Authorities have continuously been providing Electric Power Connections' Licenses to a number of Industries which have been functioning at Anand Parbat; and

(b) if so, the action being contemplated in the matter?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI MURASOLI MARAN): (a) and (b) Delhi Development Authority had issued the letter dated 26-10-87 because the Anand Parbat area was proposed as conforming area in the Master Plan of Delhi Perspective 2001, which had already been submitted by the DDA to the Government for approval. However, since the Government had not approved the Master Plan till May, 1990 it had rightly been stated in reply to Unstarred Question No. 251 dated the 4th May, 1990 that no decision to declare this area as conforming had been taken. The Master Plan for Delhi—Perspective 2001 has since been approved and duly notified (1-8-90). Decision of the MCD/Delhi Administration to give power connections/licenses was pragmatic and need-based.

अल्पसंख्यक समुदायों के बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार

2735. **डा. अरार अहमद खान** : क्या कल्याण मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अल्पसंख्यक समुदायों के बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार का कोई कार्यक्रम है; क्या उन्हें देश में या किसी राज्य में किसी प्रकार के काम में वरीयता दी जाती है; यदि हां, तो उस काम और स्थान का नाम क्या है; क्या किन्हीं व्यक्तियों को वरीयता के आधार पर काम दिया गया है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार ने अल्पसंख्यकों को रोजगार देने संबंधी में कोई घोषणा की है कि अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधियों को चयन समितियों में नियुक्त किया